राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर

“स्टेशन हाऊस मैनेजमेन्ट”

कोर्स रिपोर्ट

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में प्रशिक्षण निदेशालय, राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार **“स्टेशन हाऊस मैनेजमेन्ट”** विषय पर 05 दिवसीय कोर्स दिनांक 13.11.2017 से 17.11.2017 तक आयोजित किया गया।

इस कोर्स में राजस्थान के विभिन्न जिलों/यूनिटों से 08 पुलिस निरीक्षक, 02 कम्पनी कमाण्डर, 21 उप निरीक्षक एवं 02 प्लाटून कमाण्डर सहित कुल 33 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराई। इस कोर्स के कोर्स डायरेक्टर श्री संजीव नैन, सहायक निदेशक (प्रशासन) ने कोर्स की प्रस्तावना के साथ कोर्स की शुरूआत की व **“स्टेशन हाऊस मैनेजमेन्ट”** के विभिन्न पहलुओं व उनका पुलिस कार्यप्रणाली व अनुसंधान में महत्व के बारे में बताया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत **“स्टेशन हाऊस मैनेजमेन्ट”** विषय पर विभिन्न कानूनों की जानकारी, पुलिस व्यवहार से सम्बन्धित जानकारी, पुलिस व्यवहार एवं मानवाधिकार, पीपल फ्रेण्डली पुलिसिंग, गिरफ्तार व्यक्तियों के साथ व्यवहार, महिलाओं के साथ पुलिस का व्यवहार, जनता में पुलिस की छवि, पुलिस थाने का रखरखाव, सरकार की विभिन्न एजेंसियों के साथ तालमेल, मीडिया एवं सीएलजी सदस्यों के साथ समन्वय आदि की जानकारी विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा दी गई। आमंत्रित अतिथि व्याख्याताओं में प्रशासनिक अधिकारी, भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत एवं मौजूदा पुलिस अधिकारियों ने अपने अनुभव प्रशिक्षणार्थियों से साझा किये।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में श्री एम. एम. अत्रे, आई.जी.पी. (से.नि.), ने **"पुलिस स्टेशन एस्टेब्लिशमेन्ट"** एवं **"कोर्डिनेशन"** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। द्वितीय सत्र में कोर्स डायरेक्टर श्री संजीव नैन, सहायक निदेशक (प्रशासन) ने वर्चुअल पुलिस स्टेशन विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। तृतीय सत्र में श्री सुनिल पूनियां, पुलिस निरीक्षक (से.नि.) ने **"ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेन्ट"** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रथम सत्र में श्रीमती डा सुमन राव, एपीपी, आरपीए, जयपुर ने **"लेटेस्ट एमेण्डमेन्ट इन मेजर एक्टस"** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। द्वितीय सत्र में श्री योगेन्द्र जोशी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (से.नि.), ने **" ट्रैफिक मैनेजमेन्ट"** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। तृतीय सत्र में श्री डी सी जैन, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (सतर्कता), राजस्थान, जयपुर ने **"क्राइम मैनेजमेन्ट एण्ड रेस्पोन्स टाइम"** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे दिन के प्रथम सत्र में श्री जी.एल. शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक (से.नि.), ने **"ड्यूटी रोस्टर एण्ड एकाउण्टेबिलिटी ऑफ स्टाफ"** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। द्वितीय सत्र में श्री मदन कपूरिया, उप पुलिस अधीक्षक, एससीआरबी, राजस्थान, जयपुर ने **'सीपा/सीसीटीएनएस"** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। तृतीय सत्र में श्री सन्तोष चालके, पुलिस अधीक्षक सी.आई.डी. (एस.बी.), राजस्थान, जयपुर ने **"पब्लिक ओरिएन्टेशन एण्ड मैनेजमेन्ट"** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। चतुर्थ सत्र में श्री पुष्पेन्द्र सिंह, ए.सी.पी. बस्सी, पुलिस आयुक्तालय, जयपुर ने **"प्रजेन्टेशन ऑन मॉडल पुलिस स्टेशन"** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के चौथे दिन के प्रथम सत्र में श्री राजेन्द्र सिंह, पुलिस निरीक्षक, आरपीए, जयपुर ने **"इन्वेस्टिगेशन "** विषय पर **"समूह चर्चा "** एवं द्वितीय सत्र में **"सुपरवीजन ऑफ प्रिवेन्टिव सेक्शन्स"** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। तृतीय सत्र में श्री सौरभ कोठारी, सहायक निदेशक (इण्डोर), आरपीए, जयपुर ने **""इम्प्रूवमेन्ट इन पुलिस बिहेवियर"** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। चतुर्थ सत्र में श्री महेश कुमार, उप निरीक्षक, आरपीए, जयपुर ने **"क्राइम इन्वेस्टिगेशन एण्ड पुलिस स्टेशन मैनेजमेन्ट"** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तिम दिन के प्रथम सत्र में श्री नवीन जैन, आई.ए.एस., प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तिम दिन के प्रथम सत्र में श्री नवीन जैन, आई.ए.एस. मिशन डायरेक्टर, एन.एच.एम., राजस्थान, जयपुर ने **"पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट"** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। द्वितीय सत्र में श्री धीरज वर्मा, पुलिस निरीक्षक, आरपीए, जयपुर ने **"सेफ्टी एण्ड सिक्युरिटी ऑफ वूमेन एण्ड चिल्ड्रेन"** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

प्रशिक्षण में शामिल समस्त प्रतिभागियों से समग्र कोर्स का मूल्यांकन प्रपत्र भरवाया गया। कोर्स के अंतिम दिवस दिनांक 17.11.2017, शुक्रवार को 03:00 बजे प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन-समारोह अकादमी स्थित कॉन्फ्रेन्स हॉल नं. 04 में किया गया जिसमें श्री हरि प्रसाद शर्मा, आई.जी.पी., सी.आई.डी. (सी.बी.), जयपुर के उद्बोधन के पश्चात् प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किये गये।